# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, http// : bsea.bihar.gov.in, Email: bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 17/10/2023

## अधिसूचना

संख्या–नि०प्रा०/नि०प० 1–24/2023 2032 बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या– 1176 दिनांक 22.06.2023 द्वारा अन्य समितियों के साथ **नालन्दा जिला के गिरियक प्रखंड अन्तर्गत गिरियक मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड** का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त समिति का निर्वाचन कार्यक्रम प्राधिकार की अधिसूचना संख्या– 1486 दिनांक 01.08.2023 द्वारा स्थगित किया गया था। निर्वाचन कार्यक्रम स्थगन के पूर्व सूचना का प्रकाशन, नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी एवं प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी थी।

2. चूँकि उक्त समिति की मतदाता सूची में 76 नए मतदाताओं का नाम शामिल किया गया है। इसलिए **गिरियक प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड** का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचना संख्या 1176 दिनांक 22.06.2023 के क्रम में नामांकन के स्तर से निम्नवत निर्धारित किया जाता है :–

| क्र० | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | नामांकन की तिथि एवं समय | 02.11.2023 (गुरूवार) एवं 03.11.2023 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 04.11.2023 (शनिवार) एवं 06.11.2023 (सोमवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | अभ्यर्थिता वापसी/प्रतीक आवंटन की तिथि | 08.11.2023 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 25.11.2023 (गुरूवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतगणना | 25.11.2023 (गुरूवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vi) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 27.11.2023 (शनिवार) |

**3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व की अधिसूचना संख्या– 1176 दिनांक 22.06.2023 के आलोक में गिरियक प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के निर्वाचन में नामांकन पत्र दायर किया गया है। उन्हें भी नामांकन दायर करना होगा, किन्तु उन्हें नामांकन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नये अभ्यर्थी नामांकन शुल्क के साथ नामांकन पत्र दायर कर सकते हैं। निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भी इस आशय की सूचना निर्गत कर सभी संबंधितों को दी जाएगी।**

4. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में गिरियक प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार यथा– माईकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार चिपकाकर किया जाएगा। दिनांक 26.10.2023 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

5. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र– ई 18 में

निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612–2231562) तथा ई–मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें।

6. निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अलगे दिन प्राधिकार के वेबसाईट **http//:bsea.bihar.gov.in** पर प्रपत्र– ई 18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता-सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।

7. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 27.11.2023 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश "सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका" के पृष्ठ 122–129 पर देखे जा सकते हैं।**

8. उक्त अधिसूचना संख्या 1176 दिनांक 22.06.2023 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

16/10/23

**(पुरूषोत्तम पासवान)**
सचिव।

ज्ञापांक : 2032 पटना/ दिनांक 17/10/2023

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 2032 पटना/ दिनांक 17/10/2023

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), नालन्दा/ उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स॰ स॰), नालन्दा/ वरीय पुलिस अधीक्षक, नालन्दा/ अपर समाहर्त्ता, नालन्दा/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, नालन्दा/ प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), गिरियक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2032 पटना/ दिनांक 17/10/2023

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2032 पटना/ दिनांक 17/10/2023

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा– 2 (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूम बनाने का आदेश निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।